# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रयागराज महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री ने महाकुंभ की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह सफल आयोजन नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक क्षेत्र में शोध करने वाले लोग, करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद उससे जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बने। उन्होंने स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महाकुंभ से जुड़े सभी स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को दस हजार रुपये का एक अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा।

**सरकार ने तय किया है प्रयागराज महाकुंभ के साथ जुड़े हुए जो भी स्वच्छताकर्मी थे, स्वास्थ्यकर्मी थे इन सब को हम लोग एक अतिरिक्त बोनस देंगे दस हजार रुपये का, इस मेले के दौरान उन्होंने जो कार्य किया है।**

मुख्यमंत्री ने पात्र लाभार्थियों को कुम्भकोष और आयुष्मान योजना का प्रमाण पत्र भी वितरित किया। महाकुंभ में सफाई अभियान और सबसे ज्यादा हैंड–प्रिंट पेंटिंग के जरिये गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में स्थान मिलने पर मुख्यमंत्री ने सभी सहयोगियों की सराहना की। उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ स्वच्छताकर्मियों से जुड़े सहभोज में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों का न्यूनतम वेतन निर्धारित करने जा रही है।

**अप्रैल से हमारा एक कार्पोरेशन बनने जा रहा है जिसके माध्यम से हम व्यवस्था करने जा रहे हैं कि जो भी स्वच्छताकर्मी अब काम करेगा कम से कम उसको सोलह हजार रुपये हर महीने उसके खाते में हम लोग देने का काम करेंगे। और मिनिमम वेजेज केवल सफाईकर्मियों को ही नहीं, उन स्वास्थ्यकर्मियों को भी जिन्हें पूरा वेज नहीं मिल पाता था। उन सबको भी हम इसके साथ जोड़ने जा रहे हैं।**

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के नाविकों और परिवहन विभाग के चालकों और परिचालकों से संवाद भी किया। उन्होंने बड़े हनुमान जी का दर्शन पूजन किया और प्रयागराज के नेत्र कुम्भ दो हजार पचीस के शिविर में भी पहुंचे।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज प्रयागराज जंक्शन पहुंचे और रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हो सका है, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। रेल मंत्री ने बताया कि शुरूआत में रेलवे ने तेरह हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए सोलह हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। रेल मंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से मिली सीख को रेलवे मैनुयल मे ंस्थायी रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों में इसका लाभ उठाया जा सके।

**********

संभल की जामा मस्जिद में रंगाई–पुताई व मरम्मत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल अर्जी पर आज सुनवाई हुई। मामले में एएसआई ने आपत्ति की, जिस पर  हाईकोर्ट ने कल तक सर्वेक्षण कर एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट तय करेगी कि की कैसे ढांचे को नुकसान पहुंचाए बगैर रंगाई पुताई की जाए।

**********

प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में जीरो पावर्टी योजना के तहत अत्यंत गरीब परिवारों का चयन किया जा रहा है। ऐसे परिवारों को सरकार की छब्बीस योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। प्रत्येक गांव से पचीस परिवारों का चयन किया जा रहा है। इसी क्रम में कुशीनगर जिले के नौ सौ अस्सी ग्राम पंचायतों में सर्वे की प्रक्रिया चल रही है। जिले में कुल चौबीस हजार पांच सौ परिवारों का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष अब तक तेईस हजार नौ सौ तिरसठ अति गरीब परिवार चिन्हित किये जा चुके हैं।

**********

प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के कई जिलों में आज सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड़, सहारनपुर और अमरोहा में बादल छाने के साथ शुरू हुई हल्की बारिश से ठंडक महसूस की गयी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनो तक प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर ओला वृष्टि होने की भी संभावना है।

**********